हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति का पूर्व मंत्री रमशिला ने किया स्वागत

**अंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेलीकॉप्टर से भिलाई पहुंची। राष्ट्रपति मुर्मू का हेलीपैड पर स्वागत अभिनंदन पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू सहित विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

### घसियाराम को हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत दी

**अंडा।** ग्राम तिरगा के सरपंच घसियाराम देशमुख को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत दी है। ज्ञात हो की जून 2024 में एसडीएम



मुकेश रावटे की कोर्ट से सरपंच घसिया राम देशमुख को पद से बर्खास्त कर 6 साल तक के लिए चुनाव नहीं लड़ने का आदेश जारी किया था याचिकाकर्ता घसियाराम ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। न्यायालय ने सरपंच को फ़ौरी राहत देते हुवे उक्त आदेश को स्थगित कर दिया है। कार्यकाल अवधि समाप्त होने तक पद में रहने दिया जावे। याचिककर्ता के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि मनरेगा मामले की जांच प्रक्रिया का पालन करते हुए नहीं की गई थी । हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को डाक से नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

## निधन

### लक्ष्मी सिंह

**भिलाई।** शांति नगर महादेव कॉलोनी निवासी पूर्व बीएसपी के



फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट कर्मी लक्ष्मी सिंह उम्र 68 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अक्टूबर को उनके निवास से दोपहर 1.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे संदीप कुमार एवं सतीश के पिता थे।

## बीएसपी के सभी गेटों पर यूनियन नेता संभालेंगे मोर्चा, सुरक्षा बल भी चौकस

# हड़ताल आज, संयू व प्रबंधन की मोर्चाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर एनजेसीएस यूनियनों के सेलव्यापी आंदोलन के आह्वान पर संयुक्त यूनियन द्वारा सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल को सफल बनाने पुरजोर तैयारी की है। वहीं बीएसपी प्रबंधन द्वारा भी हड़ताल से कर्मचारी, उत्पादन और कामकाज किसी भी तरह से प्रभावित न हो, इसके लिए व्यापक रुप से कवायद की है। प्रबंधन ने हड़ताल को अवैधानिक करार दिया है। दोनों पक्ष देर रात तक अपनी रणनीतिक तैयारी में जुटे रहे। वहीं सीआईएसएफ और पुलिस प्रशासन ने भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यूनियनों को समझाईश के साथ भारी तैयारी की है।

सेल कर्मियों के पे रिवीजन के अधूरे एमओयू को पूर्ण करने, लंबित एरियर्स देने,बोनस फार्मूला बदलने और ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता करने आदि मांगों को लेकर इंटक, बीएमएस,सीटू, एचएमएस, एटक आदि यूनियनों द्वारा संयंत्र में हड़ताल को लेकर यूनियनें और प्रबंधन आमने सामने की स्थिति में आ गए हैं। संयुक्त यूनियन द्वारा रविवार को बैठक और कर्मियों से संपर्क कर हड़ताल को सफल बनाने कर्मियों से ड्यूटी न जाने या ड्यूटी जाते वक्त गेटों पर रुककर समर्थन देने की अपील की गई। वहीं 30 जून 2021 की तरह ऐतिहासिक हड़ताल को सफल करने रणनीतिक तैयारी की गई। इसके तहत फर्स्ट शिफ्ट के पूर्व ही सोमवार को सुपह 4 बजे सभी यूनियनों के नेता बीएसपी के गेटों पर पहुंच जाएंगे। इंटक, बीएमएस, बोरिया गेट, सीटू मेन गेट, एचएमएस मड़ौदा गेट, एटक एक्टू खुर्सीपार गेट और स्टील वर्कर्स यूनियन व लोईमू के नेता जोरातराई गेट पर उपस्थित रहकर कर्मियों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान करेंगे। संयुक्त यूनियन नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों व ठेका मजदूरों को स्वेच्छा से समर्थन लेंगे। क्योंकि वर्कर्स पूछते रहते हैं कि बोनस व एरियर्स आदि मांगों का क्या हुआ, तो वे समर्थन भी दें। वहीं दूसरी ओर बीएसपी प्रबंधन भी हड़ताल से उत्पादन के साथ औद्योगिक शांति प्रभावित न हो इसके लिए दिनभर तैयारी में जुटा रहा। प्रबंधन ने कर्मचारी निर्बाध रुप से सभी शिफ्टों में ड्यूटी आ सकें, और व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए सभी गेटों पर सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान तथा पुलिस बल, आईआर, ओए पदाधिकारी व बीएसपी अफसर तैनात रहेंगे। अप्रिय स्थिति से बचने संयंत्र के टावरों से बल के जवान नजर रखेंगे। प्रबंधन द्वारा सुबह 6 के बजाए 4 बजे ही ड्यूटी बुलवाने के आसार हैं। यदि सुबह की शिफ्ट वाले कर्मी नहीं पहुंच सकेंगे तो, नाइट शिफ्ट के कर्मियों को प्लांट में रुकने कहा गया है, ताकि उत्पादन प्रभावित न हो।

### यूनियनों की हड़ताल को सफल बनाने तो प्रबंधन की शांति अपील





#### पुनर्मूल्यांकन करने कहा

वार्ता में सभी यूनियनों ने बोनस के मुद्दों के साथ 39 महीने का एरियर, ठेका मजदूरों को इस्पात मजदूरों के तरह वेतन एवं नौकरी की सुरक्षा के साथ मनमाने ढंग से ग्रेच्युटी भुगतान में सीमा बंदी आदेश वापस लेने सहित अपनी विभिन्न मांगों को रखा पर प्रबंधन का नकारात्मक रवैया रहा। यूनियन के मुताबिग उपमुख्यश्रम आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि इस संदर्भ में प्रबंधन इस्पात मंत्रालय से परसू करे कि वह अपने फैसले का पुनर्मूल्यांकन करें।

#### हड़ताल टालने का प्रयास विफल

एटक महासचिव वीके सोनी ने बताया कि हड़ताल नोटिस के बाद मुख्य श्रम आयुक्त केन्द्रीय कार्यालय द्वारा समझौता वार्ता की पहल कर 25 अक्टूबर को दिल्ली में समझौता वार्ता आयोजित की गई थी । वार्ता में एटक के विद्यासागर गिरि ,इंटक के हरजीत सिंह ,हिमस के एसडी त्यागी, बीएमएस के संजीत बनर्जी और सीटू के ललित मिश्रा ने भाग लिया। प्रबंधन की ओर से बीएस पोपली ईडी, मानस रथ ,विक्रम उप्पल ,मलय गोस्वामी एवं प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित थे । श्रम विभाग के मुख्य श्रम आयुक्त शंकर ,उपमुख्य श्रम आयुक्त तेग बहादुर सिंह व क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ओपी सिंह समझौता वार्ता करने में सक्रिय पहल कर रहे थे । लेकिन प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण समझौता वार्ता विफल हो गया । सभी यूनियनों ने हड़ताल के फैसले को दोहराते हुए कर्मियों से अपील किया है कि 28 अक्टूबर की हड़ताल को सफल बनाया जाए।

#### ओए काउंसिल की बैठक में हड़ताल से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा

रविवार को ओए-बीएसपी की काउंसिल मीटिंग प्रगति भवन ओए बिल्डिंग में आयोजित की गयी। इसमें सभी जोनल प्रतिनिधि उपस्थित हुए और 28 अक्टूबर को कर्मचारी संगठन के द्वारा किए गए हड़ताल के आह्नवान से उत्पन्न परिस्थितियों में अधिकारियों के संयंत्र आवागमन के लिए सुरक्षित व सुगम व्यवस्थाओं की तैयारी के लिए चर्चा की गयी। बैठक में पूर्व में हुए अव्यवस्था और अराजक वातावरण के कारण अधिकारियों को हुई परेशानी और र्दुव्यवहार की पुनरावृत्ति ना होने पाये, इसके लिए ओए-बीएसपी प्रयासरत रहेगा। ओए ने अधिकारियों के निर्बाध रूप से कार्यस्थल पहुंचने को सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन और प्रशासन से चर्चा की है तथा समुचित संख्या में कैमरों तथा रिकार्डिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। ओए किसी भी अराजक व हिंसक व्यवहार की निंदा करेगा और भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर आवश्यक न्यायिक कार्यवाही के लिए तत्पर रहेगी।ओए-बीएसपी काउंसिल की बैठक में अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी जेपी शर्मा और जोनल प्रतिनिधि - डीपीएस बरार, एमएआर शरीफ, अभिषेक कोचर, विरेन्द्र सिंह, एससी साहू, एसके मालवीय आदि उपस्थित थे।

#### एसपी ने यूनियनों की ली बैठक, ठेका श्रमिक मुर्गा चौक पर देंगे धरना

हड़ताल को लेकर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने रविवार को दोपहर पुलिस कंट्रोलरुम में सभी यूनियन प्रतिनिधियों की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की समीक्षा की। सभी कोहड़ताल के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने मे सहयोग की समझाईश दी गई। बैठक में बीएमएस, इंटक,एटक, एचएमएस, सीटू, लोईमू, एक्टू, स्टील वर्कर्स यूनियन व इस्पात श्रमिक मंच के पदाधिकारी मौजूद थे। संयुक्त यूनियन के मुताबिक किसी भी न्यायालय ने हड़ताल को अवैध घोषित नही किया है। संयंत्र के स्थाई आदेश कंडिका 29 के तहत अनुपस्थिति को अवैध नही माना जा सकता। यूनियन ने कहा कि प्रबंधन द्वारा कर्मियों को शिफ्ट से 1 घंटा पूर्व बुलाया जा रहा है,यदि कर्मी दुर्घटना का शिकार होता है तो मुसीबत में आ सकते हैं उसे कोई अधिकारी बचा नही सकता। इधर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि बीएसपी के ठेका मजदूर मुर्गा चौक पर पंडाल में अलग से धरना देंगे। मांगें वेतन में ठेका श्रमिकों को 26 हजार वेतन, एडब्ल्यू की बढ़ी राशि समाहित करने, केंद्रीय न्यूनतम वेतन देने व आवास, सायकल भत्ता देने आदि हैं।

# लाखों रुपये का सफाई रिक्शा खा रहा जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶|निकुम

स्वच्छ भारत मिशन योजना व स्वच्छ गांव बनाने के सपनों को ग्राम पंचायत में बैठे जिम्मेदारों व जिले के अधिकारियों के सुस्त रवैये के कारण स्वच्छ गांव का सपना सिर्फ सपना बन कर रह गया है। वहीं ग्राम पंचायत स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च करती है, स्वच्छता के कार्यों में जमकर फिजुल खर्ची हुई है, जिसके अनदेखी के चलते कई गांव में शहर की तर्ज पर डोर टू डोर कचरा इक्ठ्ठा करने खरीदी गई रिक्शा सालों से धूल खाकर जंग खा रही है,जबकि कई महिला समूह में गांव में अन्य कार्य रही है। वहीं ग्राम पंचायत आलबरस की उदासीनता के कारण रिक्शा चलाने के लिए महिला समूहों ने हाथ खड़े कर दिये। विकासखंड दुर्ग के ग्रामपंचायत आलबरस ने स्वच्छता को लेकर मानो हाथ खड़े कर दिये हैं, वहीं कचरा रिक्शा चलने से महिलाओं को रोजगार मिलता लेकिन ग्राम पंचायत की उदासीनता से संचालन कई सालों से बंद पड़ा है। वहीं एक ही परिसर में ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, सांस्कृतिक भवन, शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस में सैकड़ों बच्चे पढाई कर रहे। गौर हो कि तीन रिक्शा लाखों रुपये की लागत से बने तीन रिक्शा खराब होकर जंग लग गया है। ग्राम पंच हेमलाल गायकवाड़ ने कहा कि कई ग्राम पंचायत मीटिंग में सफाई को लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। निकुम आलबरस सड़क मार्ग में बस्ती के पास गंदगी व कचरे की बदबू से राहगीर परेशान हो रहे हैं। ग्राम पंचायत आलबरस सरपंच आशा देशमुख ने कहा कि बीते चार वर्ष से कचरा रिक्शा बंद हैं, स्कूल, पंचायत के पास गंदगी व घुरवा पाटने ग्रामीणों को कई नोटिस दे चुके हैं।

■ आलबरस ग्राम पंचायत में स्वच्छता के कार्यों में जमकर फिजूल खर्ची हुई है




## जालीदार तार घेरे से महिला को लगा करंट

**भिलाई।** गार्डन करे जालीदार तार घेरे में अचानक करंट आने से एक वृद्ध महिला चपेट में आ गई थी। आसपास के लोगों की मदद से महिला को किसी तरह बचा लिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 29 अर्जुन नगर स्थित मिनी गार्डन में शनिवार की शाम 60 वर्षीय महिला सुलोचना करंट की चपेट में आ गई। महिला अचानक गार्डन के जालीदार तार घेरे को छू लिया। ऐसा करते ही उसे बिजली का करंट लगा और वह तार घेरे में चिपक गई। किसी तरह जान बच गई। इससे पहले नवरात्रि के दौरान भी इसी गार्डन में फिसल पट्टी में खेलते समय एक बच्चा करंट की चपेट में आया था। गार्डन के पास ही ट्रांसफार्मर होने के साथ ही ऊपर से बिजली का तार गुजरा हुआ है। वहीं पेड़ पौधों की कटाई छंटाई नहीं होने से उनका संपर्क बिजली के तार से बने रहने से गार्डन के जालीदार तार घेरे में करंट आने की संभावना जताई जा रही है।

## पूर्व सीएम भूपेश ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



■ ग्राम पंचायत चंगोरी में विकास कार्यों के लिए 60 लाख की राशि प्राप्त हुई

ग्राम पंचायत चंगोरी में विगत वर्षो में 60 लाख का कार्य की राशि प्राप्त हुआ जिसमें चंगोरी पंचायत का सर्वांगीण विकास हुआ। जिसमें ग्राम के सभी गलियों में सीसी रोड का निर्माण कार्य है जिसके निर्माण बहुत सारी सुविधा का बुनियाद है। तालाबों में पचरी निर्माण का कार्य है। प्रमुख समुदाय से आने वाले वर्गों के लिए यादव समाज के लिए यादव भवन, गोंड समाज के लिए आदिवासी भवन का निर्माण किया गया है। सबसे प्रमुख कार्य डोम शेड निर्माण का कार्य है जो 20 लाख रुपए के लागत से बना है और गाँव के प्रमुख स्थान बाजार चौक में इसको बनाया गया है। जो गाँव का हृदय स्थल है। इस प्रकार चारों तरफ निर्माण कार्य हुआ है। इस दौरान ग्राम की सरपंच यामिनी वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महेंद्र वर्मा, द्वारिका वर्मा, महरण चंद्रवंशी, इंद्र कुमार वर्मा, मनोज वर्मा, उपसरपंच अनुज वर्मा एवं पंचगणों में प्रमुख अनिता यादव, लोकिता बघेल, त्रिवेणी वर्मा, सुधा वर्मा, रामबाई पाल, जीवन आदि उपस्थित थे।

### बिजनेस साइट

## कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 की सामूहिक डिलीवरी



**भिलाई।** 26 अक्टूबर कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न जिलों से आए कृषकों की टोलियों ने कमला मोटर्स दुर्ग में आगमन कर बहुत चर्चित विश्वसनीय कंपनी केएस एग्रीकल्चर मालारकोटला पंजाब स्थित औद्योगिकी द्वारा निर्मित सेल्फ प्रपोल्ड बहुफसली कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 की खरीददारी अपने-अपने पुत्रों को करवा कर स्वयं ही नहीं अपितु अपने पूरे परिवार को गौरवान्वित महसूस कराया। मशीन की सामूहिक डिलेवरी प्रदान करते हुए संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग के संचालक एएनव्ही सत्यनारायण स्वामी एवं कमला मोटर्स संचालक के पुत्र पदमेश बरमेचा, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, अभियंता किशोर निषाद, बरमेचा एलीवेटर के कनिष्ठ अभियंता जयदीप सामंत, सहायक अभियंता अमर यादव शंखनादकर्ता पुजारिन नंदिता सामंत आदि। वहीं मशीन ग्रहण करते हुए प्रथम : टेकापार खैरागढ़ के कृषक पवन कुमार वर्मा, रामविलास वर्मा, अनुसुईया बाई, आरती बाई, नीलमणि वर्मा, दिनेश वर्मा, रिंकू वर्मा, नंदिनी, जिज्ञासा, लबी, गुलशन, ओगी वर्मा। द्वितीयः घोटा दुर्ग के कृषकों की टोलियों में टोप सिंह पटेल, रूपेंद्र पटेल, सोगा लाल पटेल, गोपाल, श्रीराम, गोविंद पटेल एवं साथीगण। वहीं ऐसा अनुभव किया जा रहा है कि केएस एग्रीकल्चर की सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन मशीन जब सजी-संवरी डीलरशिप से निकालकर गंतव्य की ओर शंकनाद करते हुए जाती है तो राहगीरों को कुछ पल के लिए स्थिरता प्रदान कर मंद-मंद मुस्कुराने के लिए मजबूर कर देती है।

## लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कुम्हारी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति नगर वार्ड क्रमांक 8 के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति मंच में मुनगाडीह अंबागढ़ चौकी, मानपुर मोहला वाले का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में कर्मा, ददरिया, आदिवासी झांकी, छतीसगढ़ी गीत, गौरी गौरा सहित हास्य नाट्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का नगरवासियों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में अतिथि प्रमोद सिंह राजपूत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, ओमनारायण वर्मा पार्षद के साथ आयोजक समिति के गोपाल सिन्हा, दिनेश यादव, हीरालाल साहू, शेषनारायण सिन्हा, लेखराम साहू, बिहारी लाल सिन्हा, भोलाराम साहू, चूड़ामणि निषाद, व सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

## आवक कम, इस बार कमल की कीमत दोगुनी हुई

**बालोद।** कमल फूल की कमी की वजह से इस दीपावली पर्व में फूल दोगुने दाम पर मिलेगा। पूजा के लिए कमल फूल की बिक्री करने वाले व्यापारियों ने बताया कि पड़ोसी जिलों से ही इस बार अधिक दामों में फूल आ रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को पिछले सालों की तुलना में इस साल अधिक दाम पर फूल खरीदना होगा। दीपावली पर्व में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है, लक्ष्मी जी का पूजन कमल फूल के बिना अधूरा माना जाता है। कमल फूल की बढ़ती मांग और फूलों की कमी के कारण अभी से इसकी एडवांस बुकिंग शुरु हो गई है।







## ओम ज्वेलर्स में सोने व चांदी के जेवर, मूर्ति व बर्तन उपलब्ध




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स संचालक धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि ओम ज्वेलर्स में न्यू साज-सज्जा के साथ ओम ज्वेलर्स बाजार चौक कुम्हारी आपके और नगर वासियों के लिये एक से एक न्यू डिजाइन, न्यू वैरायटी के सोने के सभी HUID हॉलमार्क ज़ेवर, चांदी के सभी पायल, चांदी मूर्ति बर्तन, न्यू रेंज में उपलब्ध है।

## पी मिश्रा, भिलाई टिम्बर एण्ड फर्नीचर में एक्सचेंज ऑफर




**भिलाई।** विगत 32 वर्षों से प्रतिष्ठित फर्नीचर की दुकान, भिलाई टिम्बर एण्ड फर्नीचर के नाम से रामनगर सुपेला भिलाई में संचालित थी जो कि अब पी मिश्रा के नाम से कुरूद रोड कोहका इंदु आईटी स्कूल के पास स्थानांतरित होकर संचालित हो रही है। पी मिश्रा फर्नीचर दुकान में दीपावली, धनतेरस त्योहार के अवसर पर एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। जिसके तहत कोई भी पुराना फर्नीचर और गद्दा लाइए और नया फर्नीचर ले जाइए। पी मिश्रा फर्नीचर दुकान के संचालक श्री मिश्रा ने बताया कि हमारे यहां स्टाइलिस सोफ, फैंसी दुबई बेड, दीवान, सेंटल टेबल, डाइनिंग टेबल, अलमीरा, घर के लिए उपयोगी सभी प्रकार के फर्नीचर एवं आफिस फर्नीचर वाजिब दामों पर उपलब्ध है।

## जिला स्तरीय समर कैंप में बच्चों ने लिया भाग



**अंडा।** पीएमश्री शाला जिला स्तर समर कैंप में शाला द्वारा संगीत के माध्यम से एकल नृत्य, समूह नृत्य, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, राजकीय गीत प्रस्तुत किया। इस समर कैंप में लगभग 8 पीएमश्री स्कूल ने भाग लिया। रंगोली, पेंटिंग, मिट्टीकला , रस्सी कूद, फुगड़ी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, वादविवाद, फैंसी ड्रेस आदि कार्यक्रम का आयोजन बालाजी रिसोर्स झलमला बालोद में हुआ। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, बीआरसी जितेंद्र कौशल, एबीओ के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पीएमश्री शास. प्रथा शाला सिरसिदा के द्वारा संगीत के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एपीसी खुरश्याम, स्टॉफ धनेश्वरी , राकेश कुमार साहू दशेन्द कुमार साहू, गीतिका आदि उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.9 डिग्री

8 लाखों रुपये का सफाई रिक्शा खा रहा जंग



8 पूर्व सीएम भूपेश ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण





## खबर संक्षेप

### तालाब में फंसकर युवक की मौत, मर्ग कायम

**भिलाई।** तालाब में डूबकर युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रानीसागर तालाब में डूबने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक तालाब के दलदल में फंसकर मदद के लिए चिल्ला रहा था, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसकी आवाज को कोई भी नहीं सुन पाया। सुबह एसडीआरएफ की टीम ने युवक का खोजकर तालाब के बाहर निकाला। घटना शनिवार शाम 6.30 बजे अंजोरा के कुछ लोगों ने फोन किया था। रानी सागर तालाब में युवक के डूबने की जानकारी मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन काफी अंधेरा होने के कारण पुलिस युवक तक नहीं पहुंच पाई। युवक अपनी जान बचाने की गुहार लगाते हुए मौत हो गई। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। रविवार सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम तालाब में उतरी और काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था। मृतक युवक कमर से नीचे जींस पहन रखी थी, लेकिन कमर से ऊपर कोई कपड़ा नहीं था। पुलिस वारिसन की खोज में जुटी हुई है।

### हत्या के आरोपी पकड़ से बाहर, घेरा थाना

**भिलाई।** परेश्वर निर्मलकर के हत्या से नाराज लोगों ने शव को लेकर नोहन नगर थाने पहुचे थे. इस दौरान परिजनों ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर प्रदर्शन कर रहे थे।
शनिवार को दिनदहाड़े शांतिनगर दुर्ग में हुए हत्याकांड के 24 घंटा बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। नाराज मृतक के परिजन और बस्ती के लोगों ने रविवार की सुबह मृतक परमेश्वर के शव का पीएम होने के बाद परिजनों ने शव वाहन लेकर मोहननगर थाना पहुंचे थे। प्रदर्शन करने वालो को पुलिस ्धिकारियों ने समझाइश देकर शांत कराया। गौरतलब हो कि शांतिनगर निवासी परमेश्वर निर्मलकर और जितेन्द्र सोनी के एक साथ बाइक से मोबाइल दुकान जा रहे थे। दुकान के सामने आरोपी विकास क्षत्री पहले से ही घात लगाए बैठा हुआ था। आरोपी ने परमेश्वर को आवाज देकर बुलाया फिर अचानक चाकू से गोद डाला। घटना में जितेन्द्र को भी गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों की मदद से परमेश्वर और जितेन्द्र को अस्पताल पहुचाया गया। इस दौरान परमेश्वर ने दम तोड़ दिया वहीं जितेन्द्र गंभीर रुप से घायल है। आरोपी विकास छत्री उर्फ पिंटू निगरानीशुदा बदमाश है। मृतक परमेश्वर और विकास पहले दोस्त थे,लेकिन किसी बात को लेकर बाद में दोनों में रंजिश थी। परमेश्वर हत्याकांड को 24 घंटे बीतने के बाद भी मोहननगर पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं पा रही है। इसके लिए बकायदा पुलिस टीम गठित किया है।

### मनमानी : विधायक रिकेश ने कहा- निर्णय गलत, हटना चाहिए टोल

# रातों-रात बढ़ा दिया कुम्हारी टोल का किराया, लोकल वाहनों से भी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग से रायपुर जाने वाले मार्ग पर कुम्हारी के पास टोल का किराया आनन-फानन में बढ़ा दिया गया है। इसे लेकर कांग्रेस ने जहां मोर्चा खोल दिया है, वहीं भाजपा के कई विधायकों को खबर ही नहीं है, कि टोल में बढ़ोतरी की गई है।

इधर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने इस पूरे मामले को लेकर कहा है कि टोल में बढ़ोतरी गलत है। इस निर्णय को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी स्वयं टोल हटाने की बात कह रहे हैं, ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी टोल बंद होना चाहिए। वे इस निर्णय को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों से बात करेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि मामला काफी संवेदनशील है, इस बार में एनएचएआई के अधिकारियों से बात करेंगे। सीजी-07 सीरिज के वाहनों को फ्री किया जाना चाहिए। पहले भी इस मुद्दे को उठाया जा चुका है। पुनः इस बारे में चर्चा की जाएगी। इधर दुर्ग जिले के दो अन्य विधायकों में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को इस बारे में जानकारी ही नहीं थी, कि टोल को बढ़ा दिया गया है। टोल बढ़ोतरी को लेकर दोनों ने वित्त मंत्री और अधिकारियों से जानकारी लेने की बात कही है।




### 8 साल से ज्यादा समय से मेंटेनेंस नहीं

जानकारी के मुताबिक पिछले 8 साल से कुम्हारी टोल से लगातार वसूली का जा रही है, लेकिन मेंटेनेंस एक जगह भी नहीं कराया गया। इसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा लगातार आपत्ति की गई। धरना दिया गया, यहां तक अनशन भी किया गया, लेकिन एनएचएआई ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद शुक्रवार की रात अचानक टोल के किराए में बढ़ोतरी कर दी। इसे लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ेगा, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### 18 साल से लगातार वसूला जा रहा टोल

कुम्हारी टोल टाटीबंध से भिलाई के नेहरू नगर तक बनी फोरलेन पर 18 साल पहले टोल नाका शुरू हुआ। शर्त थी कि फोरलेन की लागत वसूल होने के बाद टोल नाका बंद कर दिया जाएगा। लेकिन 2015 में ठेका खत्म हो गया। इसके बाद एनएचएआई ने सड़क की मरम्मत के नाम पर टोल नाका शुरू किया। हाल ही में उसका ठेका आलोक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। अब मेंटनेंस के नाम पर उक्त ठेका कंपनी को टोल वसूली का काम शुरु कर दिया है। मगर फोरलेन में सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही दिखाई दे रही है। लागत वसूल होने के बाद भी अवैध रूप से टोल वसूला जा रहा है। सीजी 07 सीरिज के वाहन को रायपुर आने और जाने के लिए टोल नहीं देने की बात पहले हुई थी। लेकिन नए ठेके उसे भी खत्म कर दिया गया है। अब सभी से टोल लिया जा रहा है।



### 450 करोड़ की होगी फिर वसूली

टाटीबंध में बने फ्लाईओवर और भिलाई में बने चारों फ्लाईओवर की कुल लागत करीब 450 करोड़ रुपए की वसूली कुम्हारी टोल प्लाजा से होगी। इस हिसाब से अगले 15 साल तक यहां टोल वसूली जारी रहेगी। कुम्हारी टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों के लिए शुक्रवार की रात नई दरे लागू की गई है। इसमें कार, जीप-वैन, हल्के बाइक पहले 15 रुपए लिया जाता था, लेकिन नई दर में 25 रुपए अब आने जाने के लिए टोल में 4 रुपए देना होगा। हल्के कमर्शियल वाहनों, माल वाहक, मिनी बस पहले 25 अब 40 रुपए आने जाने 6 रुपए देने होंगे। बस और ट्रक (दो धुरी वाहन ) पहले 45 लेकिन अब 80 रुपए आने जाने 120 रुपए हो गया। तीन धुरी वाले कमर्शियल वाहनों से 85 रुपए लगेंगे, पहले 45 रुपए थे, आने जाने का 125 रुपए और भारी वाहनों को अब 160 रुपए देने होंगे। इसे लेकर एनएचएआई ने 23 अक्टूबर को ही भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है।

### दशगात्र से लौट रहे थे

# दो पिकअप आपस में टकराई, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दो पिकअप वाहन आपस में टकरा जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों ने ठोकर मारने वाले चालक को दौड़कर पकड़ लिया। मिली जानकारी के मुताबिक दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे पिकअप वाहन में 25 लोग सवार थे। जिसमें सामने आ रही है पिकअप वाहन जोर ठोकर मार दिया। घटना में दोनों पिकअप वाहन के चालकों को चोटे आई है। हादसा आईआईटी भिलाई के पास की है। ठोकर से पिकअप वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 8 लोग घायल है। जिसमें 3 की हालत गंभीर है। खबर लिखे जाने तक घायल का शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

- आईआईटी भिलाई के पास की घटना




# चोरी का सामान खपाने वाला एमपी से पकड़ाया, 50 लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रसमड़ा के डकैती और एनएसपीसीएल में हुए चोरी के सामानो को खपाने वाले को पुलिस ने एमपी से एक युवक को पकड़कर लाई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 395,411 01 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि अलीराजपुर एमपी राजाबाग हाल ही में इंदौरा निवासी राजेन्द्र कटार के पास से पुलिस ने सोना 60 तोला, चांदी 340 ग्राम एक नग सोने चांदी गलाने की मशीन, दो सोने चांदी तौल मशीन कुल 5 लाख रुपए का सामान पुलिस ने बरामद किया है। रसमड़ा निवासी दिलीप मिश्रा के यहां 7-8 जून की दरमियानी रात गनियारी रोड रसमड़ा में स्थित मकान दिलीप टिम्बर में अज्ञात पांच नकाबपोश मकान का दरवाजा तोड़कर पीड़ित और उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर उनके हाथ पैर बांध दिया। उसके बाद डकैतों ने बडे आराम से मकान का से 35 तोला सोना के जेवरात, नगदी 26 हजार, तीन घड़ी कुल 20 लाख रूपये का सामान लूटकर मौके से फरार हो गए थे। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई गई।

- सोना-चांदी के जेवरात तौलने की मशीन बरामद



इस दौरान तीन डकैत जगदीश उर्फ काला भाया, भंगूडावर, नूरसिंह चौहान को धार एमपी से पकड़कर जेल तक पहुाया जा चुका है। इसके बाद जेवरात खरीदने वाले को पुलिस तलाश करती रही। सूचना पर पुलिस ने एसीसीयू व अंजोरा की टीम धार झाबुआ, अलीराजपुर एमपी में कैंप कराया गया था। जहां आरोपी राजेन्द्र कटार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान एएसपी सुखनंद राठौर और अभिषेक झा भी मौजूद थे। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक ,निरीक्षक तापेश्वर नेताम, उनि रामनारायण सिंह ध्रुव, सउनि गुप्तेश्वर, प्रधान आरक्षक दीप सिंह, आरक्षक विकांत यदु, बृजमोहन सिंह, योगेश चंद्राकर, भावेश पटेल, आरती सिंह का अहम योगदान रहा है।




### लोगों का आवागमन सुगम बनाने की कोशिश

# मार्केट में निगम की टीम कर रही गश्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

धनतेरस, दीपावली, छठ आदि त्यौहार के कारण बाजारों में भीड़ भाड़ चल रही है। जिसको देखते हुए आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा नगर निगम भिलाई के राजस्व विभाग एवं तोड़फोड़ विभाग को निर्देशित किया गया है कि सभी प्रमुख बाजारों में नगर निगम भिलाई का दल गश्त करें। जिससे सड़क पर किसी प्रकार की आवागमन की बाधा ना हो। नगर निगम के भिलाई की टीम द्वारा मुनादी भी की जा रही है।

### इन बाजारों में टीम तैनात

सभी बाजारों में विशेष करके पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट, जनता मार्केट, लिंक रोड, जलेबी चौक, नंदिनी रोड, सुपेला अंडर ब्रिज से गदा चौक, हार्डवेयर लाइन, मसाला गली, रामनगर मार्केट, इत्यादि सभी जगह पर नगर निगम के



राजस्व की टीम भ्रमण कर रही है।

### व्यवसायी पसरा बाहर न निकालें

सभी प्रमुख मार्केट में व्यापारियों से अपील की जा रही है कि अपने सामान को सड़क पर ना पसारे। अपने हद में रखें, पसारा लगाकर बेचने वाले को भी चेतावनी दी जा रही है। कहीं पर भी दुकान में लगावे, निर्धारित स्थल पर ही लगावे। इसके साथ ही खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों समझाइए दिया जा रहा है कि अपने गाड़ी को पार्किंग स्थल पर खड़ा करें। बाजार के अंदर ना ले जाएं। फटाका बेचने वाले व्यापारियों से भी अपील की जा रही है कि निर्धारित स्थल पर ही व्यापार करें।

### त्योहार के मद्देनजर निगम श्रमिकों के लिए राशि जारी

**भिलाई।** धनतेरस, दीपावली, छठ त्यौहार का अवसर देखते हुए, नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा नगर निगम भिलाई में उपलब्ध निगम मद से राशि जारी किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से एजेंसी के माध्यम से कार्यरत अस्थाई श्रमिकों, कंप्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छता दीदीयो, सफाई कामगारों, को भुगतान के लिए राशि 1, 09,96,556.00 रुपए, जोन कार्यालयो को पार्षद निधि, विधायक निधि, सांसद निधि, मूलभूत सुविधा, पेयजल व्यवस्था, खनिज न्यास मद, स्कूल जतन योजना मद की राशि 1,91,08,205 रुपए जारी किया गया। इसी प्रकार से मोर मकान मोर आस योजना के अंतर्गत 121 हितग्राहियों को उनके किस्त की राशि खाते में 53, 73, 029 रुपए का हस्तांतरण किया गया है जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। सबको त्योहार के सीजन में भुगतान हो सके। आवश्यकता के अनुसार जो राशि उपलब्ध होगी उसमें से भुगतान की जाएगी।

11



डॉ. ऋषभ का अभिनंदन, मोती की माला पहनाकर किया सम्मान


**लाइव इवेंट**

## आरिफ 5 विकेट लेकर चमके भिलाई वेटरेनस ने जीता मैच



**भिलाई।** वीकेंड सीरीज टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में किया जा रहा है। पहला मैच भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन और सीआईएसएफ-11 के मध्य खेला गया। मैच भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन ने 9 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच मोहम्मद आरिफ रहे।सीआईएसएफ-11 ने 118 रन बनाए। भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन के गेंदबाज मोहम्मद आरिफ ने 5 विकेट एवं जयप्रकाश आर्य ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन एक विकेट पर 119 रन बना लिए। आशीष शुक्ला नॉट आउट 63 रन और मोहम्मद आरिफ ने नॉट आउट 32 रन की पारी खेली। दूसरा मैच मॉर्निंग-11 और बीएसएफ-11 के बीच खेला गया। मॉर्निंग 11 ने 8 विकेट से यह मैच जीता। मैन ऑफ़ द मैच गंभीर जाट रहे। बीएसएफ-11 की टीम 54 रन पर आउट हो गई। मॉर्निंग 11 के गंभीर जाट 4 विकेट लिए। मॉर्निंग-11 ने दो विकेट पर 57 रन बड़ी ही आसानी से बना लिए। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू, स्कोरर विनोद देवघरे एवं आशीष सिंह रहे।

- वीकेंड सीरिज टी-20 का आयोजन, बीएसपी क्रिकेट मैदान सेक्टर-1 में खेले जा रहे मैच

**सिटी इवेंट**

## वह बेवफा नहीं थी के लेखक डॉ. अजय को मिला मुंशी प्रेमचंद सम्मान



**भिलाई।** इंकलाब पब्लिकेशन थाने महाराष्ट्र द्वारा डॉ. अजय आर्य को मुंशी प्रेमचंद सम्मान देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ हिंदी कहानी संग्रह में प्रकाशित उनकी कहानी वह बेवफा नहीं थी कहानी को सर्वश्रेष्ठ कहानी के रूप में चुना गया था। कहानी संग्रह के संपादक सागर यादव जख्मी एवं उनकी टीम ने डॉ अजय आर्य की कहानी को सर्वश्रेष्ठ कहानी घोषित करते हुए कहा कि यह कहानी प्रेम, त्याग और सामाजिक दबावों के बीच के द्वंद्व को दर्शाती है। अलंकृता का प्रेम, जो परिस्थितियों के चलते पूर्ण नहीं हो पाया, यह दर्शाता है कि प्रेम सिर्फ पा लेना नहीं है, बल्कि उसे निभाना और बचाए रखना भी एक चुनौती है। यह कहानी उन भावनाओं और संघर्षों की कहानी है, जो प्रेम के रास्ते में आती हैं और कैसे कई बार सामाजिक बंधनों के कारण हम अपने सच्चे भाव व्यक्त नहीं कर पाते। इस कहानी में मानवीय भावनाओं के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है, जो जीवन, प्रेम, और आत्म-त्याग की गहरी समझ प्रदान करती हैं।

### अधूरी प्रेम कहानी पर आधारित है किताब

यह कहानी एक युवा व्यक्ति और उसकी पुरानी दोस्त के बीच की अधूरी प्रेम कहानी पर आधारित है। वर्षों बाद, जब वे एक बार फिर मिलते हैं, तो पुरानी भावनाएँ और गलतफहमियां सतह पर आ जाती हैं। अंत में स्पष्ट होता है कि अलंकृता ने हमेशा अपने प्रेम को छुपाया, और समाज और परिस्थितियों के दबावों के कारण वह अपने प्रेम को व्यक्त नहीं कर सकी। डॉ अजय आर्य भिलाई के जाने-माने लेखकों में शामिल हैं। अभी तक उनकी कई कविताएं प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने समसामयिक विषयों पर अनेक लेख लिखे हैं। उनकी 7 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे आर्य समाज के विचारक चिंतक तथा वक्ता हैं। सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र एवं उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने डॉ. अजय आर्य को प्रमाण पत्र सौंपा । उन्होंने कहा कि डॉ अजय आर्य लगातार साहित्य साधना में लगे हुए हैं। उनके सामाजिक कार्यो ने भी उन्हें एक अलग पहचान दी है। सृजनात्मकता व्यक्ति को सकारात्मक दिशा देती है। सृजन धर्मी व्यक्ति कभी भी नकारात्मक नहीं होता।

**सिटी इवेंट**

## नेचुरोपैथी डे के पोस्टर का विमोचन 18 नवंबर को होगा राष्ट्रीय सम्मेलन



**भिलाई।** आयुष मंत्रालय के सहयोग से सूर्या फाउंडेशन और आईएनओ द्वारा 18 नवंबर को तालकटोरा इनडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर विकसित भारत 2047 में योग नेचुरोपैथी का योगदान विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके पोस्टर का विमोचन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। मनोज ठाकरे ने बताया कि छत्तीसगढ़ से लगभग 100 से अधिक संख्या में योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रेमी इस महासम्मेलन में शामिल होंगे। इस महासम्मेलन को लेकर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा रहा है। वहीं 29 अक्टूबर को देश का दूसरा योग एवं नेचुरोपैथी रिसर्च सेंटर हॉस्पिटल रायपुर खुलेगा। इसका शिलान्यास किया जा रहा है। पोस्टर विमोचन के दौरान डॉ.छगनलाल सोनवानी, डॉ.उदयभान चौहान, किशोर कनौजे, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, अनिल चंद्राकर, आदित्य टंडन, आशा आजाद उपस्थित रहे।

● दिवाली की खरीदारीः चाइना आइटम लोगों को खूब पसंद आ रहे, ऑनलाइन शॉपिंग भी पहले से बढ़ा

# संडे मार्केट में सैलाब...देर शाम तक उमड़ते रही भीड़

# इधर कुर्सीडीह से 6 हजार किलो से ज्यादा फूल पहुंचे बाजार

दिवाली की खरीदारी को लेकर रविवार को संडे मार्केट सुपेला में सैलाब उमड़ा। पूरे दिन सड़क के दोनों पर घंटों जाम लगा रहा। इस दौरान लोगों ने जमकर त्योहारी खरीदारी की। कपड़े, जूते-चप्पल, पूजा के सामान, फल, सजवाटी सामानों की दुकानों पर देर शाम तक भीड़ जुटी रही। त्योहार से पहले का संडे होने वाली वजह से मार्केट में जमकर खरीदारी हुई। इधर कुर्सीडीह से करीब 6 हजार किलो गेंदे के फूल तैयार हो कर बाजार पहुंच गए हैं। बता दें कि टेमरी और आसपास के गांवों में कृषक भूपेश टांक द्वारा लंबे समय से गेंदे के फूलों की खेती की जा रही है। इस बार उन्होंने कुर्सीडीह में गेंदे के फूल लगाए हैं, फूल तैयार हो गए हैं, जिन्हें तोड़कर बाजार तक पहुंचाने का काम रविवार को शुरू भी हो गया।

**भिलाई।** दिवाली को लेकर ट्विनसिटी में हर बार की तरह इस बार भी खासा उत्साह है। अपने-अपने तरीके से लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। लाइटिंग, घर के रंग-रोगन से लेकर अन्य प्रकार की साज-सज्जा की जा रही है। आधुनिकता के इस दौर में दीयों के साथ बिजली के झालरों ने भी जगह बनाई है। चाइनीज झालरों से बाजार अटा पड़ा है। अलग-अलग रंगों की कलरफुल लाइट बाजार में बिकने को आई है। इसके अलावा ऑनलाइन भी इनकी खरीदी हो रही है। शहर में मुख्य रूप से टाउनशिप के बाजारों, संडे मार्केट, आकाशगंगा, पावर हाउस, खुर्सीपार, स्मृति नगर, दुर्ग में इंदिरा मार्केट, सिंधी कॉलोनी, महिला समृद्धि बाजार पद्मनाभपुर, पुलगांव, सिकोलाभाटा सहित अन्य बाजारों में आकर्षक झालर बिकने के लिए आए हैं। इलेक्ट्रॉनिक झालरों की रोशनी घरों में बिखरने लगी है। बदलते ट्रेंड के साथ बाजारों में डिजाइनर इलेक्ट्रॉनिक दीये भी खूब आ रहे हैं। दीपावली का बाजार सज गया है। इस बार ऑनलाइन खरीदारी भी बढ़ी है। इसके बाद भी शहर के सभी प्रमुख बाजारों में रविवार को भीड़ उमड़ी, लोगों ने जमकर खरीदारी की।



### 30 रुपए से लेकर एक से दो हजार रुपए तक सजावट के आइटम

बाजार में 30 रुपए के आइटम से लेकर करीब एक हजार, दो हजार रुपए तक के भी आइटम हैं। दीए, सकोरे, आर्टिफिशियल फूल मालाएं, लक्ष्मी जी की मूर्तियां सहित अन्य कई प्रकार की सामग्री बाजार में देखने को मिल रही है। गुरू पुष्य नक्षत्र के बाद से बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। रविवार को जमकर खरीदारी हुई। बाजार में 30 रुपए सेल 2 हजार रुपए तक के सजावटी सामान उपलब्ध रहे। 31 अक्टूबर तक इसी तरह बाजार में भीड़ रहने की उम्मीद है। चाइना आइटम भी लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि रविवार होने की वजह से बाजार में रौनक रही है। लोगों ने जररूत के सामान खरीदे। कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन और सजावट के सामान खरीदे। संडे मार्केट में हर रविवार को भीड़ उमड़ती है। त्योहारी बाजार होने की वजह से भीड़ ज्यादा थी। इस वजह से सड़क के दोनों तरफ तरह ट्रैफिक जाम के हालात बने। अगले दो से तीन दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। लोग आवागमन के लिए दूसरे मार्ग का इस्तेमाल कर सकते है।

### बाजारों में फूलों की डिमांड बढ़ी, मोहलाई, कबीर नगर, अहिवारा में भी हो रही है फूलों की खेती



दीपावली के कारण बाजार में फूलों की डिमांड बढ़ गई है। जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में दिवाली के समय के लिए फूलों की खेती की जाती है। इस बार कबीरनगर, कुर्सीडीह, मोहलाई, अहिवारा, टेमरी, धमधा सहित आसपास के क्षेत्रों में फूलों की खेती की गई है। जानकारी के मुताबिक 2 हजार से ज्यादा किसानों ने फफूलों की खेती की है। इस दिवाली 2 करोड़ से ज्यादा का व्यापार होने का अनुमान लगाया गया है। टेमरी निवासी भूपेश टाक ने बताया है कि उन्होंने कुर्सीडीह में 4 एकड़ में फूलों की खेती की है। फसल के अनुकूल मौसम होने की वजह से पैदावार भी अच्छी हुई है। 6 हजार किलो से ज्यादा गेंदे के फूल तैयार हुए हैं। इन्हें दुर्ग के अलावा राजनांदगांव, रायपुर और आसपास के बाजारों में भेजा गया है। व्यापारियों की डिमांड के अनुरूप फूल तैयार किए गए।



## साईं महोत्सव दिसंबर में, तैयारियों को लेकर बैठक, निकलेगी बाबा की पालकी

**दुर्ग।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सांई मंदिर समिति कसारीडीह द्वारा सांई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन 12, 13 और 14 दिसबंर को किया जाएगा।

इसकी तैयारियों को लेकर मंदिर समिति की आवश्यक बैठक अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ के नेतृत्व में हुई। बैठक में समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। अध्यक्ष समर्थ ने बताया कि पिछले कई सालों से सांई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर साल आयोजन को और अधिक भव्य किया जा रहा है। इस बार भी भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। तीनों दिन बाबा का अभिषेक के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी।



बाबा की पालकी नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा भजन-संध्या और अन्य सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से महासचिव धनेंद्र कुमार चंदेल, कोषाध्यक्ष सुमीत गुप्ता, संतोष यदु, कौशल किशोर सिंह, अजय सुरुपाम, शिवाकांत तिवारी, सुरेश साहू, सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

### सतीश समर्थ का समिति के सदस्यों ने किया सम्मान

आयोजन के दौरान बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बोरसी मंडल के पूर्व अध्यक्ष सतीश समर्थ भी मंदिर पहुंचे। इस दौरान समाजसेवी लोकेश सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे। मंदिर समिति द्वारा सतीश समर्थ का सम्मान किया गया। समिति द्वारा आगामी दिनों में होने वाले आयोजन के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि नवंबर माह में आयोजन की तैयारियों को लेकर एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी तैयारियों की कार्ययोजना तय की जाएगी।

## रिकेश सेन एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने



**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुर्ग का अध्यक्ष चुना गया। प्रदेश ओलंपिक संघ से एफिलेटेड डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स संघ दुर्ग का रविवार को सुपेला स्थित एक निजी होटल में चुनाव हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने अध्यक्ष के रूप में विधायक रिकेश सेन को एसोसिएशन की कमान सौंपी। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में विधायक रिकेश सेन अध्यक्ष, आर सुनील कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विश्वदीप नायर, दामोदरन उपाध्यक्ष, जी रविराजा सचिव, विद्या सिंह सहसचिव, सुषमा नारायण कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य किशन कुमार साहू बनाए गए हैं। रिकेश ने कहा कि जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष चुने जाने के बाद मेरा प्रयास होगा कि संघ को और बेहतर किया जाए। जिले भर के युवा खिलाड़ियों और खेल के प्रति युवाओं का रूझान बढ़े। इस तरफ ठोस प्रयास होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन खेलो इंडिया में आप देखेंगे कि लगातार पूरे भारत देश में पहले सिल्वर मेडल, गोल्ड मेडल नहीं मिल पाता था, लेकिन उनके अथक प्रयासों से खेल को विशेषताएं दी गई हैं। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में मेरी कोशिश होगी कि बच्चे वीडियो गेम और मोबाइल तक सीमित न रह कर एथलेटिक से जुड़ें। इस अवसर पर एसोसिएशन से बालकदास, विनोद नायर, उमेश निर्मलकर, पायल, निरूपम तालुकदार मौजूद रहे।

**महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में जगजीत सिंह नाइट का आयोजन**

# ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो, भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी, मगर मुझको लौटा दो... जैसे गानों की प्रस्तुति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो, भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी, मगर मुझको लौटा दो जगजीत मेरा, वो शामें सुहानी – वो ग़ज़लें पुरानी....इस गजल को सुमधुर आवाज में सुनकर खचाखच भरा कलामंदिर का प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। बीएसपी के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में जगजीत सिंह नाइट संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



### गजलों की प्रस्तुति ने रमाया, बांसुरी की धुन में मनमोहा

संगीत संध्या के आयोजन में मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय वायलीन वादक व गायक दीपक पंडित और भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने गजल पर ऐसे अंदाज में आवाज दी कि कई श्रोता अपने आंसू पोंछते नजर आए। प्रभंजय को तबले पर रामचन्द्र सर्पे एवं भालचंद्र शेगेकर ने अपना जबरदस्त समर्थन दिया। कार्यक्रम के अंतरालों को दुष्यंत हरमुख ने अपनी बांसुरी पर कुछ ऐसे छेड़ा की श्रोताओं को रोंगटे खड़े हो गए। आयोजन के दौरान सूत्रधार सुप्रियो सेन ने कार्यक्रम को आरंभ से अंत तक एक खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया। ऑक्टोपैड पर दीपंकर दास एवं देवव्रत मजुंमदार, ढोलक पर भागवत साहू, तबले पर रामचंद्र सर्पे एवं भालचंद्र शेगेकर, बांसुरी पर दुष्यंत कुमार हरमुख, की-बोर्ड पर दिलीप शर्मा, हारमोनियम पर सुगम शिवालय ने बड़ी खूबसूरती से संगत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। गीतों का आनंद लेते हुए श्रोता देर रात तक सभागृह में बैठे रहे।

### प्रसिद्ध वायलिन वादक दीपक पंडित भी पहुंचे



इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी पीएण्डए पवन कुमार, गायक पीटी उल्हासकुमार, दीपेन्द्र हालदार, सुमिता सरकार, मणिमय मुखर्जी सहित अनेक गणमान्य श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम के बीच में सुप्रसिद्ध वायलिन वादक दीपक पंडित ने मंच पर प्रवेश किया। 16 साल की उम्र से प्रस्तुतियां दे रहे दीपक पंडित ने भजन सम्राट अनुप जलोटा के साथ अपना अंतरराष्ट्रीय सफर शुरू किया। 23 सालों तक वे जगजीत सिंह की टीम में रहे और 118 देशों का उनके साथ दौरा किया। इस दौरान वायलिन पर उन्होंने ऐसी तान छेड़ी की श्रोताओं के रोंगटे खड़े हो गए। अंतरालों में जब वे अंतरों को वायलिन पर छेड़ते तो प्रेक्षागृह में सन्नाटा छा जाता। उन्होंने एक गजल को अपनी आवाज भी दी। इसके बाद उन्होंने वायलिन पर सरगम को उठाया तो तबले पर रामचंद्र सर्पे ने तबले पर उनका मुकाबला शुरू किया। सुरों का यह संग्राम इतना रोचक बन गया कि करतल ध्वनि से पूरा प्रेक्षागृह गूंज उठा। दोनों फनकारों ने अपनी-अपनी विधा में अपनी दक्षता का भरपूर परिचय दिया। जो कि भिलाई वासियों के लिए यह एक बेहद यादगार शाम बन गई.।

सिटी इवेंट

## डॉ. ऋषभ का अभिनंदन, मोती की माला पहनाकर किया सम्मान



**भिलाई।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में डॉ. ऋषभ जैन का अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया। जैन समाज द्वार मोती की माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। बता दें कि डॉ. ऋषभ जैन पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित किए गए थे। भिलाई शहर के गौरव डॉ. ऋषभ सुनील जैन और डॉ. सुनीता जैन के पुत्र हैं। पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा सेक्टर भिलाई समिति के संरक्षक ज्ञानचंद बाकलीवाल, कमल जैन ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। उपाध्यक्ष प्रदीप जैन बाकलीवाल, भारत जैन, राहुल जैन, निर्मला अजमेर, डॉ. सुनीता जैन सहित अन्य सदस्यों द्वारा डॉ. ऋषभ जैन का मोतियों की माला पहनाई। प्रदीप जैन ने कहा कि बहुत ही खुशी का अवसर है कि हमारे बीच में हमारे परिवार का बालक प्रतिदिन पारसनाथ भगवान मंदिर में मंगल अभिषेक और शांति धारा का भक्ति भाव के साथ पूजन करने वाला राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुआ है। विशुद्ध सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे। सेक्टर 1 स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने भी उन्हें बधाई दी है।

- त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में आयोजन, राष्ट्रपति के हाथों मिल चुका है सम्मान

## सेवानिवृत्त कर्मी अब हमारे मार्गदर्शक की भूमिका में: मिश्र



**भिलाई।** बीएसपी के कार्मिकों की प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई सह संस्था में जमा उनकी निधियों का अंतिम भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें माह सितंबर-2024 और उसके पूर्व सेवानिवृत हुए कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का खातादेय चेक देकर सम्मानित किया। मिश्र ने कहा कि भविष्य में भी यह सभी साथी हमारे मार्गदर्शक की भूमिका में रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ सदस्यों से हमारी सोसाइटी के संबंध हमेशा प्रगाढ़ बने रहेंगे। सेवानिवृत्त कर्मियों में सेवा सिंह, रविंद्र बरगढ़, प्रभु राम पटेल, तिलेश्वर तारम, प्रदीप कुमार साखरकर, हीरालाल वर्मा, श्याम मनोहर सिंह, विश्वनाथ भट्टाचार्य, फलधर शर्मा, निरंजन कुमार साहू, कृष्ण, पुष्पा, राकेश शुक्ला, बी. डेविड सहित अन्य शामिल थे।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे

# बुजुर्ग परिवार और समाज की धरोहर, बच्चों ने नाट्य प्रस्तुति देकर किया भावुक, ग्रैंड पैरेंट्स हुए सम्मानित

**भिलाई।** घर के बुजुर्ग परिवार के स्तंभ के रुप में सबको जोड़ कर रखते है। जिससे घर के सदस्य एक-दूसरे से जुड़कर आदर्श परिवार व समाज का निर्माण करते है। घर के बुजुर्गो से ही आने वाली नई पीढ़ी के बच्वें संस्कार व बड़ो का सम्मान करना सिखते है। परिवार में बुजुर्गो के महत्व को बताते हुए विद्यालय के बच्चों ने नाट्य व गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी ग्रैंड पेरेंट्स को भावुक कर दिया। इस दौरान बुजुर्गो को सम्मानित किया गया। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस पर ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग दादा-दादी, नाना-नानी के रूप में बने बच्चों के साथ उपस्थित हुए विद्यार्थियों में एक नया जोश दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा द्वारा रिबन काटकर की गई। प्राचार्य, उपप्रचार्य पुष्पा बड़ा, प्रधानाध्यापक कमल सोनी, वरिष्ठ शिक्षिका मधु थपलियाल और साथ में उपस्थित कुछ ग्रैंड पेरेन्ट्स ने सरस्वती माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुवात की।




### बच्चों को बुजुर्गों का संग जरुरी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि घर के बुजुर्ग समाज और परिवार की धरोहर है। बच्चों को बुजुर्गों के साथ समय बिताना चाहिए। हम बड़ों की जिम्मेंदारी है कि हम बच्चों को बड़ों का आदर करना और दादा-दादी व नाना-नानी का सम्मान करना सिखाए। अभी बहुत से बच्चे ऐसे हैं जो अपने बुजुर्गों के साथ समय नहीं बिता पाते। इसके पीछे बहुत सी सामाजिक चुनौतियां भी हैं। बच्चों के लिए दादा-दादी व नाना-नानी ही उसके सच्चे और अच्छे दोस्त होते हैं। प्राचार्य ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि अभी हमने विद्यालय के बड़े बच्चों को वृद्ध आश्रम की सैर कराई थी। विद्यालय की क्षमता के अनुसार हमने वहां कुछ सहयोग भी किया था। बहुत से बच्चे वहां जाकर बुजुर्गो को देखकर भावुक हो गए, इस तरह के छोटे-छोटे कार्यक्रमों के आयोजन का अर्थ यही है कि हमारे बच्चे मानसिक रूप से सबल और सशक्त बने। कभी अपने बुजुर्गों का तिरस्कार न करें।

### समाज में बुजुर्गों की बड़ी भूमिका

इस अवसर पर मुख्याध्यापक कमल सोनी ने कहा कि दादा-



दादी और नाना- नानी अपने जीवन के अनुभवों को बच्चों के साथ साझा करते हैं। बच्चों को संस्कार, विचार और परिपक्वता की ओर अग्रसर करते हैं, इसलिए सामाजिक तौर पर परिवार के बुजुर्गो या दादा दादी, नाना-नानी की एक बड़ी भूमिका है। दादा-दादी के स्वागत में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमें हमारे दादा-दादी, नाना नानी बहुत प्यारे हैं और हम उनकी सेवा करने में कोई कसर नही छोड़ेगे। कार्यक्रम के दौरान भरतनाट्यम और अन्य नृत्य प्रस्तुत कर नन्हें बच्चों ने बुजुर्गों को भावुक कर दिया। साथ ही समूह गीत, एकल गीत रूद्र चंद्राकर, नाटक तथा बच्चों के संवाद कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के अंत में बुजुर्गों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने ड्रामा भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका मधुर थपलियाल द्वारा संबोधित किया गया।

## हेमचंद यादव विवि महिला फुटबॉल टीम में गर्ल्स कॉलेज की सात खिलाड़ियों का चयन



**भिलाई।** नेशनल स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय इम्फॉल मणिपुर में आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग की टीम भी भाग लेगी। टीम के खिलाड़ियों का चयन कर दिया गया है। खेल अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया की टीम 1 से 5 नवम्बर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेगी। यूनिवर्सिटी की टीम में गर्ल्स कॉलेज की 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पिछले दिनों आयोजित प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया गया है। खिलाड़ियों में हीना निर्मलकर, निशा भोई, योगेश्वरी निषाद (गोलकीपर), रेणु यादव, गुंजन ग्वाल, उर्मिला निर्मलकर, विकासनी कौशिक शामिल हैं। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल एवं क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर अपनी शुभकानाएं दी है।

- इम्फॉल में 1 से 5 नवंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में लेंगी भाग

## अनोखी पहल: दिवाली पर जरुरतमंदों को बांटेंगे कपड़े, पटाखे और मिठाइयां



**दुर्ग।** पटरीपार की श्रमिक बस्तियों में लक्ष्मी पूजा के दिन 31 अक्टूबर को पटाखों और मिठाइयों का वितरण किया जाएगा।शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बृजकिशोर शर्मा द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में वे प्रतिवर्ष जरुरतमंदों तक पटाखें और मिठाइयां उपलब्ध कराते हैं। इस बार भी मुख्य रूप से तितुरडीह, कैलाश नगर, सिकोलाबस्ती, चिखली, शक्तिनगर में गरीब बच्चों को पटाखे और मिठाइयां बांटी जाएंगी। इस दौरान स्थानीय निवासियों के अलावा संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। शर्मा ने कहा कि हम सभी प्रतिवर्ष दिवाली मनाते हैं। नए कपड़े खरीदते हैं, पटाखे जलाते हैं। मिठाइयां बनाने हैं, बाजारों से मंगवाते हैं। गरीब परिवारों को हमेशा दिवाली में खुशियों का इंतजार रहता है। इसलिए उन्होंने यह प्रयास शुरू किया है। ताकि वे जरुरत के हिसाब से कुछ गरीब परिवारों को मदद कर सकें। उनके घर भी दिवाली की खुशियां पहुंचा सकें। पिछले करीब 8 सालों से वे लगातार हर दिवाली इस प्रकार से लोगों की मदद कर रहे हैं। उनका प्रयास रहेगा कि आगे भी दिवाली पर लोगों की मदद का यह क्रम जारी रहे।



## खबर संक्षेप



### कार्तिक मास पर निकाली प्रभातफेरी

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की संस्था द्वारा पोटिया कला में कार्तिक मास पर हरि नारायण नाम प्रभात कीर्तन सुबह निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश सुबह सुबह भगवान के नाम से लोगों को जोड़ना था। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### आयुष्मान कार्ड बनाने आज वार्ड 54 में शिविर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने नगर निगम द्वारा वार्ड 54 यादव भवन में एक दिवसीय शिविर लगाया जायेगा। दीनदयाल अन्त्योदय योजना. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने सोमवार को एक दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन 28 अक्टूबर को यादव भवन वार्ड क्रमांक 54 में किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। वार्ड नगरिक पहुंच कर आयुष्मान कार्ड अपडेट करा सकते है एवं नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

**परेशानी : निगम प्रशासन दे रहा खजाने में राशि नहीं होने का हवाला**

# उपादान की राशि के लिए सालों से भटक रहे निगम क़े सैकड़ों कर्मचारी

**सरकारी नौकरी में सेवाकाल बीतने के बाद भी न्याय नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

नगर निगम के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को पिछले 5 से 6 साल तक अपने ही राशि के लिए चक्कर लगानी पड़ रही है। लगातार अपनी पीड़ा बताने के बाद भी न्याय नहीं मिलने के बाद अब कर्मचारी कोर्ट की शरण लेने को मजबूर हैं। राशि तो दूर पीड़ितों को गणना पत्रक की जानकारी देने के लिए निगम प्रशासन पीछे हट रहा है। जिसके चलते कर्मचारियों में नाराजगी सामने आ रही है।

नगर पालिका निगम दुर्ग में निगम आयुक्त के द्वारा सेवानिवृत हुए कर्मचारी के उपादान राशि की गणना पत्रक मांगने पर आनाकानी की जा रही है। पेंशन विभाग के प्रभारी तथा विभाग के लिपिक मौखिक रूप से गणना पत्रक की मांग करने वाले आवेदकों को खुले रूप में बताते हैं कि, निगम आयुक्त के द्वारा गणना पत्रक में हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। नगर पालिक निगम दुर्ग के सेवानिवृत कर्मचारी विमला बाई, रोहिणी बाई, स्वर्गीय बीनेश कुमार, जगदीश, मीरा बाई, सुखदेव के द्वारा अपने उपादान राशि की गणनापत्रक की मांग की गई है।

इस संबंध में सेवानिवृत कर्मचारी द्वारा सूचना के अधिकार के तहत भी आवेदन दिया गया है। परंतु पेंशन विभाग द्वारा जानकारी निरंक लिखकर दिया जा है। कर्मचारी पेंशन विभाग में जाकर पेंशन लिपिक से बात करते है तो उनके द्वारा कहा जाता है, गणना पत्रक के फाइल में आयुक्त के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है।




### कई बार लिखे गए शासन को पत्र

उल्लेखनीय है कि, कर्मचारियों को सेवानिवृत होकर दो-दो, तीन तीन, चार, चार साल हो रहे है। सभी कर्मचारियों की उपादान की राशि एक लाख से 5, 6, 7, लाख तक की राशि निकलता है। इस बारे में आयुक्त द्वारा भी कहा जाता है कि, निगम में राशि नहीं है। शासन से मांग किया गया है। राशि आने पर भुगतान किया जाएगा। वर्ष 2020 से लगातार शासन को पत्र लिखा जा रहा है। ऐसे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### कोर्ट की राह में डेढ़ दर्जन से अधिक कर्मी

सेवानिवृत कर्मचारियों को माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ रहा है। अब तक लगभग 17 कर्मचारियों ने उपादान राशि के लिए हाई कोर्ट में अपील कर दी है। नगर निगम दुर्ग के कर्मचारियों को अपने ही पैसे के लिए नगर निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा हाईकोर्ट में भी अपील करना पड़ रहा है। इससे उन्हें दोगुना आर्थिक नुकसान सहना करना पड़ रहा है।

# बोर्ड क़े परिणाम को मजबूत करने होगी परख परीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

बोर्ड परीक्षा के परिणाम को मजबूत करने अब शिक्षा विभाग द्वारा लोकल क्लास के बच्चों की दक्षता की परख की जाएगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता जांचने के लिए शासन ने एक नए कार्यक्रम परख की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों की तीन विषय को लेकर परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा चार दिसंबर को होनी है। इससे पहले जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को इसके लिए तैयार किया जाएगा।

बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने से पहले ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि, नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद कई तरह के बदलाव शिक्षण प्रणाली में देखने को मिली है। इसी में से एक हर साल दिसंबर में आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेंट परीक्षा है,

- हजारो छात्रों की तीन विषय पर होगी परीक्षा

जिसे अब परख कार्यक्रम का नाम दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता का आंकलन करने के लिए देशभर में आगामी तीन दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। बहरहाल सरकारी शिक्षकों को ही जिले में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ बनाया गया है।

ऐसे में अब इन कार्य के साथ ही परख की तैयारी कराने शिक्षकों को काफी कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ेगा। शिक्षकों में इसको लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। हालांकि प्रदेश स्तर से आदेश होने के कारण विभाग भी कुछ नहीं कर पा रहा है।

### फंड नहीं, अपने खर्च पर कराएंगे परीक्षा

परख कार्यक्रम के तहत चयनित स्कूलों में होने वाली परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट भेजी जाएगी। लेकिन इससे पहले तैयारी के तहत हर विषय की पांच दफा परीक्षा लेने के लिए सरकारी स्कूलों को कोई फंड नहीं जारी किया गया है। ऐसे में सभी स्कूलों को अपने फंड से ही ओएमआर शीट खरीदने के साथ ही प्रश्न पत्र छपाना होगा। कार्यक्रम के तहत जिले की कुछ स्कूलों का चयन परीक्षा के लिए किया जाएगा। हालांकि किन स्कूलों का चयन होना है, यह अभी तय नहीं है। ऐसे में विभाग ने सभी स्कूलो को इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया है।

### जिले से भेजे जाएंगे प्रश्न

परख को तैयारी बेहतर तरीके से कराने के लिए सभी स्कूलों में हर सप्ताह एक दिन मॉडल पेपर लेने के लिए कहा गया है। इसके लिए जिला स्तर से एक प्रश्न पत्र तैयार कर सभी स्कूलों को भेजा जाएगा। बताया गया कि बच्चों को परीक्षा से पहले ओएमआर शीट का उपयोग करन भी सीखाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा तीसरी छठवीं व 9वों के बच्चों की गणित, पर्यावरण एवं भाषा के विषय में परीक्षा ली जाएगी।

# राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बुरी के आयोजन के लिए विभागों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग




जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बुरी 2024 के सफल आयोजन में सहयोग के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित समस्त विभागों का आभार माना है। उन्होंने सौंपे गये दायित्वों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारियों-कर्मचारियों और युवोदय दुर्ग के सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों के विश्वास और उत्साह के दम पर ही जिला प्रशासन द्वारा जिले में जम्बुरी आयोजन का निर्णय लिया गया था। यह गर्व की बात है कि राज्य की इस प्रथम आयोजन में सभी जिले के जूनियर रेडक्रॉस से संबंधित बच्चे सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने आगे भी विभागीय समन्वय के साथ जिले के विकास में सहयोग की अपेक्षा करते हुए इस सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह के अंत में जम्बुरी के दौरान दुर्ग जिला से प्राप्त ओवरऑल चैंम्पियन शील्ड को शिक्षा विभाग को सौंपा। राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बुरी 2024 आयोजन के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने जम्बुरी को सफल बनाने में सभी विभागीय अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा सहित समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

- प्रभारी अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

# कवि विजय गुप्ता मानद उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में थावे विद्यापीठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य समारोह में नगर के प्रतिष्ठित कवि, लेखक और समाजसेवी उद्योगपति विजय कुमार गुप्ता को उनके साहित्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य और शोध प्रबंध पर विद्या वाचस्पति पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है। विगत दिनों उदासीन आश्रम अयोध्या में हनुमानगढ़ी के प्रमुख संत स्वामी राजू दास और विद्यापीठ के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में यह उपाधि प्रदान की गई है। इस अवसर पर अनेक विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति, देश के सुप्रसिद्ध कवि ओमपाल सिंह निडर और देश भर से आए सौ से अधिक साहित्यकार, प्राध्यापक और शोधार्थी शामिल थे। डॉ विजय गुप्ता के शोध प्रबंध का विषय ₹राष्ट्रीय चेतना के विकास में हिंदी साहित्य की भूमिका₹ था। शोधार्थी विजय गुप्ता के शोध सलाहकार सुधीर शर्मा कल्याण कॉलेज भिलाई के हिंदी विभाग अध्यक्ष के तत्वावधान में आलेख संपूर्ण और प्रस्तुत हुआ। उल्लेखनीय है कि डॉ गुप्ता के अब तक पांच काव्य संग्रह लोकार्पित हुए हैं। ताटंक छंद, घनाक्षरी ,दोहा, मुक्तक विधा में कविता सृजन कवि विजय गुप्ता की उपलब्धि है। लायंस क्लब और गहोई समाज के प्रमुख पदाधिकारी रह चुके हैं। दुर्ग जिला हिंदी साहित्य समिति दुर्ग में वर्तमान में उपाध्यक्ष के दायित्व पालन में हैं। दुर्ग जिला हिंदी साहित्य समिति की अध्यक्ष सरला शर्मा, सचिव बलदाऊराम साहू, डॉ संजय दानी आदि ने बधाई दी है।

- साहित्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए हुए सम्मानित

# गायत्री ज्ञान परीक्षा में साढ़े 12 हजार छात्र हुए शामिल

**दुर्ग।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण भारत में संपन्न होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष अपने जिले से 12735 छात्र शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि, इस वर्ष 192 स्कूल कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें सर्वाधिक छात्र संख्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय बोरी से 297 छात्र थे। दुर्ग शहर में सर्वाधिक छात्र केंद्रीय विद्यालय से 285 छात्र शामिल हुए। दीप शिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई से 292 छात्र बैठे और कॉलेज स्तर पर सर्वाधिक छात्र विश्वनाथ यादव तमस्कर विज्ञान महाविद्यालय से 120 छात्र बैठे। दुर्ग भिलाई क्षेत्र से स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, महिला महाविद्यालय भिलाई, बीआईटी, कन्या महाविद्यालय दुर्ग, देव संस्कृत महाविद्यालय खपरी, स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज भिलाई, आदि के छात्र शामिल हुए। समिति के महासचिव धीरज लाल टांक ने बताया कि, इस परीक्षा के सफल आयोजन में सर्वाधिक योगदान राज्य सचिव सहित सभी जिलों के डीईओ, बीएलओ, प्राचार्यों व शिक्षकों का भरपूर योगदान निरंतर मिलता है।

# मनमाने दाम पर तारपोलिन तौल मशीन खरीदने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल सरकारी खरीद में धान की तौल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से करने का निर्णय लिया है। इसके परिपालन में समितियों के जरिए कंपनियों से कोटेशन मंगाये गये हैं। इसके अलावा तारपोलिन खरीदी करने भी कोटेशन आमंत्रित किया गया है। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का कहना है कि, क्विंटल तक तौल करने वाले इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बाजार में 4-5 हजार रुपए में उपलब्ध है। किंतु अधिकांश कोटेशन में इसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपए कोट किये गये हैं, इसी प्रकार 3-4 हजार रुपए में बाजार में तारपोलिन उपलब्ध है। जबकि अधिकांश कोटेशन में 7 हजार रुपए कीमत कोट किया गया है। इसके अलावा सोसायटी को जीएसटी का भुगतान भी करना है, कोटेशन देने वाले कुछ फर्म और उनके जीएसटी नंबर फर्जी भी हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कलेक्टर ऋचा चौधरी से आग्रह किया है कि, समितियों में तारपोलिन और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की खरीद निर्धारित दर पर ही किया जाए। किसान संगठन ने सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से भी आग्रह किया है कि, बैंक और समितियों की किसानों की धनराशि का लूट रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही करें।

- समितियों के जरिए कंपनियों से मंगाए कोटेशन

### डॉ पाणिग्रही स्वच्छता वीर से सम्मानित

**दुर्ग।** इस्पात नगरी भिलाई स्थित कला निकेतन के भव्य सभागार में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के आयोजन में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय की अध्यक्षता एवम दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के विशेष आतिथ्य में स्वच्छता वीर सम्मान का आयोजन किया गया। इस कड़ी मे स्वच्छता दूत, स्वच्छता सेनानी, स्वच्छता चैंपियन, ओडीएफ मैन सहित विभिन्न सम्मान से नवाजे गए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक रीकेश सेन एवं अतिथियों ने स्वच्छता वीर सम्मान प्रदान किया गया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301




